19/12/18	वकील प्रार्थी उपस्थित पूर्वानुसार बाबते बहस दि० 16/1/19 को पेश हो।
16/1/19	वकील प्रार्थी का ब्रीफ होल्डर उपस्थित पूर्वानुसार बाबते बहस दि० 30/1/19 को पेश हो।
30/1/19	वकील प्रार्थी का ब्रीफ होल्डर उपस्थित पूर्वानुसार निर्णय दि० 27/2/19 को पेश हो।
27/2/19	वकील प्रार्थी का ब्रीफ होल्डर उपस्थित बहस प्रार्थी एवं पक्षीय सुनी गई। पत्रावली बाबते निर्णय दि० 7/3/19 को पेश हो।
7/3/19	वकील फरीकैन उपस्थित बहस प्रार्थना पत्र पर मनन किया गया तथा प्रार्थना पत्र की पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत हस्तेजात जमाबंदी नकल ग्राम अमरवाड़ा संवत 2073-76 में खसरा नम्बर 781, 728, 780 जिनकी पत्थरताई करवाने के आदेश का अनुरोध चाहा है, जिनका नक्शा हेस में अंकन नहीं है। मार्ड नक्शा हेस में सादिक खसरा नम्बरान दर्शाये हैं तो प्रार्थी ने अवत खसरान का मिलान स्थलफल पेश नहीं किया है, इसलिए प्रार्थी का प्रार्थना पत्र चलने योग्य नहीं है, खारिज किये जाने योग्य है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।